पिता और भाई मलबे में दबे

नाले में समाया गरीब का मकान

जबलपुर, यशभारत। घमापुर के बरऊ मोहल्ला में किसी तरह से गुजर-बसर कर रहे एक परिवार का करीब आधी रात को नाले के किनारे बना हुआ कच्चा मकान भरभराकर नाले में समा गया। गनीमत यह रही कि जैसे ही मकान गिरने की आवाज मोहल्ले वालों ने सुनी, तुरंत अपने-अपने घर से सब्बल लाकर मलबे में दबे पिता और भाई को किसी तरह निकाल लिया गया। दोनों घायलों को विक्टोरिया अस्पताल में एडमिट किया गया। लेकिन भाई को सीने में चोट होने की वजह से उसे मेडिकल रेफर कर दिया गया था। अब दोनों की हालत खतरे से बाहर है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार सरोज रैकवार ने बताया कि उसके पिता कंधी लाल रैकवार उम्र 60 वर्ष और अरुण रैकवार उम्र 21 वर्ष दोनों मकान में देर रात सो रहे थे। तभी करीब 12.30 बजे मकान भरभराकर गिर गया। मकान के किनारे नाले की सीत के कारण कच्ची मिट्टी धस गयी। जिसके बाद दोनों सो रहे पिता और पुत्र मकान के मलबे में दब गये। जिसके बाद मची चीख पुकार के बाद मोहल्ले वालों ने मोर्चा समाला और पीड़ित परिवार को किसी तरह ढहे मकान से निकालकर तुरंत विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से कंघी लाल को पैर में चोट होने की वजह से छुट्टी दे दी गई, परंतु अरुण के सीने में चोट थी। जिसके बाद उसे मेडिकल रेफर किया गया था। दोनों की हालत फिलहाल स्थिर है।

मोहल्ले वालों ने कच्ची दीवार की मिट्टी-बल्लियां हटाकर दोनों को किया अस्पताल में भर्ती

नहीं मिला आवास योजना का लाभ

पीड़ित सरोज रैकवार ने बताया कि उसके पिता अंडे की रेढी लगाते है और भाई बकरिया चराता है। वह स्वयं सिलाई करती है जिसके बाद जैसे तैसे घर चल पाता है। आवास योजना का फार्म भरते लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक ना सुनी और कार्यालय से चलता कर दिया था। जिसके बाद किसी तरह डॉक्यूमेंट कम्प्लीट करवाए, लेकिन अब फार्म ही नहीं भर रहे। तो योजना का लाभ कैसे मिलेगा।

हाईकोर्ट से जिला शिक्षा अधिकारी को झटका

शिक्षक से प्यून बनाए गए आश्रितों को शिक्षक पद पर कार्य करने के आदेश दिए

जबलपुर, यशभारत। शासन के नियमों के विपरीत जाकर दो आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के तहत शिक्षक बनाना जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को मंहगा पर्ऱता जा रहा है। अनुकंपा नियुक्ति में की गड़बड़ी के बाद उसमें सुधार करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने दोनों आश्रितों को प्यून बनाने के आदेश जारी कर दिए। डीईओ के इस आदेश पर दोनों आश्रितों ने हाईकोर्ट पहुंचकर याचिका दायर की। इस पर जस्टिस नंदिता दुबे, जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की एकलपीठों ने आदेश जारी करते हुए कहा कि दोनों शिक्षक आगामी आदेश तक शिक्षक प्रयोग शाला में कार्य करते रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के तहत दो आश्रितों को प्रयोग शाला शिक्षक बनाए जाने के 9 फरवरी को नियुक्ति आदेश दिया गया। मालूम हो कि प्रयोग शाला शिक्षक पद का वेतन शासन द्वारा निर्धारित 17 हजार 710 है इस प्रकार से एक सहायक शिक्षक को 7 माह में 1 लाख 23 हजार 970 रूपए भुगतान किया गया। वहीं एक प्यून का वेतन शासन द्वारा निर्धारित 10 हजार 850 है मतलब 7 माह में एक आवेदक को - 75 हजार 9 50 मिलने होते है। इसके हिसाब से एक अनुकंपा आश्रित को 48 हजार 20 रूपए ज्यादा मिल रहे हैं। दोनों अनुकंपा आश्रितों को 96 हजार 40 रूपए ज्यादा मिले है अब तक ।

प्रोफेसर ने छात्रा से किया रेप

रादुविवि से कर रही पीएचडी, फेल कर देने की दे रहा था धमकी

जबलपुर, यशभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर का 59 साल का प्रोफेसर 39 साल की रिसर्च स्कॉलर से 6 महीने से रेप कर रहा था। प्रोफेसर ने धमकी दी थी कि उसकी बात नहीं मानी तो पीएचडी में फेल कर देगा। महिला ने पहले भी इसकी शिकायत की थी, लेकिन प्रोफेसर के माफ ी मांगने पर शिकायत वापस ले ली थी। प्रोफेसर ने 16 अगस्त को भी रेप किया। इसके बाद महिला ने बेलबाग थाने में मामला दर्ज करवा दिया। पुलिस ने सोमवार रात आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया। बेलबाग पुलिस के मुताबिक, डिंडौरी की रहने वाली महिला जबलपुर में किराए के मकान में रह रही है। वह यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रवि मिश्रा के अंडर में बायोसाइंस पर पीएचडी कर रही है। महिला का आरोप है कि प्रियदर्शिनी कॉलोनी में रहने वाला प्रोफेसर रवि मिश्रा छह महीने पहले उसके कमरे पर आया। उसके साथ रेप किया।

विरोध करने पर पीएचडी में फेल कर देने की धमकी देने लगा । एक बार तो छात्रा का लैपटॉप पटक कर तोड़ दिया।

मांग ली थी माफी

पहली बार रेप के बाद महिला ने पुलिस से प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत की थी, तब रवि मिश्रा ने माफ ी मांग ली थी। महिला ने लोकलाज के डर से शिकायत वापस ले ली, लेकिन आरोपी प्रोफेसर रवि मिश्रा लगातार उसके कमरे पर आकर रेप करता रहा।

सहेली को बताई थी आपबीती

महिला ने पुलिस को बताया कि वह विरोध करती तो प्रोफेसर फेल करने की धमकी देकर चुप करा देता। उसने अपनी सहेली से भी इसका जिक्र किया था। समझ में नहीं आ रहा था कि वह क्या करे। महिला ने कुछ प्रोफेसरों को भी आपबीती सुनाई थी, लेकिन वे भी रवि मिश्रा को नहीं समझा सके।

हनुमानताल में गायब हुआ बच्चा दोस्त के घर मिला

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल में मुहर्रम की भीड़भाड़ के बीच घर से एक सात साल का बच्चा बिना बताए कहीं चला गया। जिसके बाद परिवार के लोग उसे यहां-वहां खोजते रहे, रिश्तेदारों को फोन भी लगाए। लेकिन जब कहीं सुराग नहीं मिला तो थाने में रपट लिखवाई। जिसके बाद अलर्ट पुलिस रातभर बच्चे को खोजती रही। इस दौरान सुबह बच्चा उसके दोस्त के यहां से बरामद किया गया। जब बच्चे से पुलिस ने पूछा कि कहां चले गए थे तो उसने बताया कि घरवाले टीव्ही नहीं देखने दे रहे थे, जिसके बाद वह दोस्त के यहां टीव्ही देखने चला गया और वहीं सो गया। हनुमानताल पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सात वर्षिय असनैन निवासी पंचकुनिया पिता महबूब ने थाने आकर पुलिस को बताया कि उनका बच्चा घर से गायब हो गया है। पुलिस ने तत्काल टीम बनाकर तलाशी की। जिसके बाद बच्चा अपने दोस्त के घर से बरामद कर लिया गया। जिसे सुबह परिजनों के सुपुर्द किया गया।

टीव्ही देखने का जुनून

बच्चे ने पुलिस को बताया कि वह घर छोड़कर टीव्ही देखने चला गया था। परिजनों ने बताया कि बच्चे को टीव्ही देखने का भूत सवार रहता है। पुलिस ने परिजनों को ध्यान देने को कहकर, बच्चा उनके सुपुर्द किया।

भाजपा विधायक ने फोड़ा लैटर बम

मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय से पिछले 4 साल की अंकसूचियां और इसके रिकॉर्ड गायब ; हालात सुधारने सीएम करें हस्तक्षेप



जबलपुर। मध्यप्रदेश में 10 साल पहले स्थापित मेडिकल विश्वविद्यालय को लेकर जबलपुर के बीजेपी विधायक अजय विश्नोई ने लैटर बम फोड़ा है। सीएम को संबोधित इस पुराने पत्र में दावा किया है, विवि से पिछले 4 साल की अंकसूचियां और इसके रिकॉर्ड गायब हैं। विधायक ने हालात सुधारने के लिए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। कुलपति टीएन दुबे के इस्तीफे को देर आए दुरुस्त आए की मिसाल दी है। विधायक विश्नोई ने सीएम को ये पत्र 14 मार्च 2021 को सौड्डुपा था। कुलपति डॉक्टर टीएन दुबे के इस्तीफे के बाद इस पत्र को सोशल मीडिया पर वायरल किया है। पत्र में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। विधायक के मुताबिक वर्ष 2011 में प्रदेश में मेडिकल विश्वविद्यालय की स्थापना जबलपुर में इस तरह की गई थी, वह अपना आर्थिक पोषण स्वयं कर सके। विवि के पास करोड़ों रुपए जमा है। 4 साल पहले तत्कालीन प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल ने 80 करोड़ रुपए विभिन्न शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों को नियम विरुद्ध दे दिए। एक बार फिर इस राशि से और पैसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि स्वयं के अधूरे भवन निर्माण के लिए विवि को अपनी ही राशि निकालने की शासन से अनुमति नहीं मिल पा रही।

दागियों को दे दिया प्रभार

विश्नोई ने आरोप लगाए हैं, रजिस्ट्रार का प्रभार दागी आयुष डॉक्टर जेके गुप्ता को दिया गया है। डॉक्टर गुप्ता के खिलाफ आयुष विभाग में जांच पूरी होकर कार्रवाई के लिए लंबित है, जिसे कांग्रेस शासन काल में दबा दिया गया था। दावा किया है, इस पद पर कार्य कर रहे डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील खरे को विवि से कार्यमुक्त कर दिया गया है। खरे एक कुशल प्रशासक थे। पिछले 7 वर्षों से उनके कंधे पर ही विवि का भार था। विधायक विश्नोई ने सीएम को लिखे पत्र में डॉक्टर तृप्ति गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मेडिकल विवि में गोपनीय विभाग का प्रभार संभाल रही डॉक्टर तृप्ति गुप्ता मूलत: मेडिकल कॉलेज जबलपुर की बायोकेमिस्ट्री विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर हैं। डॉक्टर तृप्ति गुप्ता पूर्व में भी आयुर्विज्ञान विवि का प्रभार संभाल चुकी हैं। उनके खिलाफ कई शिकायतें थीं। उन्होंने नियम विरूद्ध जाकर छात्रों का रिवेल्युवेशन कराया था। उनके नंबर ब?वा कर पास कराया था।इस शिकायत पर उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी गई थी। बावजूद डॉक्टर तृप्ति गुप्ता को फिर से विवि में गोपनीय विभाग का कार्य सौंप दिया गया। गोपनीय विभाग में अनाधिकृत रूप से डॉक्टर तृप्ति गुप्ता के पति, जो स्वंय मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, अक्सर बैठे रहते हैं। गोपनीय दस्तावेजों का अवलोकन करते रहते हैं।

विवि में 275 पदों में 75 भरे, वो भी आउटसोर्स से

विधायक विश्नोई ने पत्र में दावा किया, सभी परेशानियों की वजह विवि में सक्षम अधिकारी व स्टाफ का अभाव है। विवि में कुल स्वीकृत 275 पदों में से महज 75 पद ही भरे गए हैं। इसमें भी अधिकतर आउटसोर्स से भरे हैं। विवि की स्थापना के बाद से आज तक रेक्टर का पद नहीं भरा गया है। अलग-अलग संकायों के हेड/विभागाध्यक्ष नहीं बनाए गए हैं। विवि का कोर्ट स्थापित नहीं हुआ है। इस कोर्ट में 4 विधायकों का स्थान भी सुरक्षित रहता है। रजिस्ट्रार के पद पर पिछले 7 वर्षों से अनुभवी प्रोफेसर या समकक्ष प्रशासनिक क्षमता वाले व्यक्ति की पदस्थापना नहीं हो पाई।

4 साल की डिग्री 5 साल में तो 5.5 साल की डिग्री 7 साल में

मेडिकल विवि में न तो परीक्षाएं समय पर हो रही हैं और न परिणाम आ रहे हैं। विवि की डिग्री भी एक वर्ष के विलंब से मिल रही है। आयुष के छात्र अगले वर्ष की परीक्षा में पिछले वर्ष की परीक्षा परिणाम जाने बिना बैठ रहे हैं। नर्सिंग की परीक्षाएं और परिणाम की देरी का आलम ये है, 04 साल की डिग्री 05 साल में और 5.5 साल की डिग्री 07 साल में हो पा रही है। विवि आज तक अंकसूची और डिग्री ऑनलाइन आवेदन पर नहीं उपलब्ध करा पाया। प्रदेश के दूरस्थ स्थानों से छात्र विवि आता है। भ्रष्टाचार का शिकार होता है।

दहेज लोभियों ने पीड़िता को घर से निकाला

ससुरालियों ने कहा, पहले 1 लाख की रकम दो फिर रखना दहलीज पर कदम

जबलपुर, यशभारत। थाना हनुमानताल अंतर्गत एक नवविवाहिता ने थाने पहुंचकर ससुराल के खिलाफ दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष उससे 1 लाख की राशि दहेज के रुप में मांग रहा है । इतना ही नहीं पति व सास-ससुर ने यह कहते हुए उसे घर से निकाल दिया कि पहले पैसे लाना उसके बाद ही ससुराल की दहलीज पर कदम रखना। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि इशरत जहाँ उम्र 23 वर्ष निवासी मोहरिया ने पुलिस को बताया कि अप्रैल 2019 में उसकी शादी मो. आसिफ मंसूरी से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में उसके माता पिता ने हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के बाद से उसका पति आसिफ , ससुर मो. अब्बास एवं सास जमीला दहेज की मांग करते हुये उसे प्रताड़ित करने लगे। इस बात को लेकर उन्होंने 6 अगस्त 2021 को उसके पति, सास, ससुर ने झगड़ा कर उसे घर से यह कहते हुये निकाल दिया कि 1 लाख रूपये लेकर की ही वापस आना नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

परिवार के विवाद में दे दी जान

लम्हेटा घाट में मिला शोभापुर की महिला का शव

***जबलपुर यश भारत*।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत लम्हेटघाट में आज उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब न्यू शोभापुर निवासी एक 40 वर्षीय महिला का शव गोताखोरों को मिला । महिला के मोबाइल फोन पर 80 मिस कॉल पड़े हुए थ। इसी दौरान उसके परिजनों का फोन आया और पुलिस ने उसको रिसीव कर घटना के संबंध में पूरी जानकारी दी घटना की जानकारी रखते हैं पीड़ित पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे पुलिस ने प्रारंभिक उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। इस घटना के संबंध में भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि न्यू शोभापुर निवासी 40 वर्षीय नीलू नायडू का घर में किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया था। जिससे वह नाराज होकर अपनी एक्टिवा लेकर गत शाम को लम्हेटा घाट पहुंची और कुछ देर तक इधर-उधर घूमती रही । महिला न चिप्स के दो पैकेट पानी की बॉटल गाड़ी की चाबी मोबाइल नदी के बाजू में रखा और नर्मदा में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना की सूचना पुलिस को लगते हैं वह मौके पर पहुंची तो उसके मोबाइल फोन पर परिजनों के 80 मिसकॉल पड़े हुए थे । पुलिस ने उक्त मोबाइल उठाया तो इसी दौरान परिजनों का फोन आया तब पुलिस ने इस पूरे घटनाक्रम से परिजनों को अवगत कराया और महिला की तलाश शुरू की गई रात हो जाने के कारण उसका कोई पता नहीं चला आज सुबह जब गोताखोरों द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी तो लम्हेटा घाट में नीचे की ओर पर महिला का शव उतराते हुए गोताखोरों को दिखा बाद में शव को घाट किनारे लाया गया जहां पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया ।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

DS44 रिटेल एवं होलसेल
फिक्स रेट शॉप
जीन्स 375/- लोवर 199/-
शर्ट 249/- टी-शर्ट 199/-
संपर्क 9109244144
पता- जबलपुर तुलाराम चौक स्टेट बैंक के आगे आनंद रेडियो के बाजू में

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
छाते ही छाते
लक्ष्मी एम्पोरियम
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK's Special
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

रानी दुर्गावति के किले में चाकूबाजी

जबलपुर, यशभारत । थाना गढ़ा अंतर्गत रानी दुर्गावति के किले में दो युवकों को दबंगों ने इसलिए चाकू घोंप कर लहूलुहान कर दिया कि वह किले में उसने आगे क्यों चल रहे हैं। जब पीड़ित ने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने गाली गलौच करते हुए कमर और पैर में चाकू घोंप कर, फरार हो गए। शिकातय के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस को आकाश बर्मन उम्र 19 वर्ष निवासी बदनपुर शक्तिनगर ने बताया कि वह पानी सप्लाई का काम करता है। वह एवं उसका दोस्त सचिन शारदा मंदिर दर्शन करने गये थे तथा मंदिरदर्शन करने के बाद रानी दुर्गावति का किला देखने जा रहे थे। पीड़ित ने बताया कि हम लोगों के पीछे 2 लड़के उम्र लगभग 20-22 वर्ष चल रहे थे जो हम लोगों से आगे चलने पर बहस करने लगे। एक लड़का गाली गलौज करने लगा तथा दूसरे लड़के ने चाकू से हमला कर कमर एवं हाथ जख्मी कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित महाजान
प्रबंधक
महिला उपभोक्ता भण्डार
नया बाजार , गोटेगांव

कार्यालय नगर पालिका परिषद करेली
जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)
(Main Road, Kareli,Phone:07793-270046
Email:cmokareli @) mpurban.gov.in
राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर देश के अमर शहीदों को कोटि-कोटि नमन
सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कोरोना की जंग जनता के संग
1. मास्क अवश्य लगाये।
2. सोशल डिस्टेसिंग का पालन करें।
3. नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में नगर पालिका करेली को सहयोग प्रदान करें।
प्रशासक नगर पालिका परिषद करेली
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद करेली

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सोनम जैन
रेंजर
वन विभाग, गोटेगांव

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश तिवारी
जिला मंत्री
भारतीय जनता पार्टी, नरसिंहपुर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज जैन
अध्यक्ष
बाल शिक्षा समिति एवं विद्यालय परिवार गोटेगांव
बी.डी. सोनी
सचिव
बाल शिक्षा समिति एवं विद्यालय परिवार गोटेगांव
डॉ. रणजीत दत्ता संस्थापक
सौजन्य से
श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोटेगांव

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)